प्रिय, संजय

यह स्टोरी दैनिक जागरण के छह अप्रैल के अंक में कानपुर नगर संस्करण में प्रकाशित हुई है। यह उसकी भाब्दशः नकल है। आग्रह है कि इसे देशभर के अन्य संस्करणों में भी प्रकाशित करा दें।

————————————————————

नोटः यह कानपुर नगर व आसपास के संस्करण के लिए नहीं है।

————————————————————

धर्म का यूनिवर्सल मॉडल

पेश करने जुटेंगे दिग्गज

सब हैड

कानपुर में 23 अप्रैल को होगा अनोखा सम्मेलन

आएंगे निर्वासित तिब्बत सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री

कानपुरः पूरी मानव जाति का क्या एक ही धर्म हो सकता है? जिसमें कहीं भी कोई विरोध या द्वेष तक न हो? हर मान्यता

का व्यक्ति जिसे सहर्ष स्वीकार ले? कानपुर में 23 अप्रैल को होने वाले सर्व धर्म सम्मेलन में धर्म का ऐसा ही यूनिवर्सल मॉडल प्रस्तुत किया जायेगा।

कानपुर के बिधनू ब्लाक के करौली गांव स्थित लवकुशधाम आश्रम में होने वाले इस अनोखे सम्मेलन में तिब्बत की निर्वासित सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ सामदोंग रिंपोछे, **यू पी के पूर्व पुलिस डी.गी.पी सरदार कर्मवीर सिंह,** हरिद्वार के संत स्वतंत्रतानंद सहित अपने–अपने क्षेत्रों के दिग्गज भाग लेंगे। आयोजन से जुड़े संतोष भदौरिया व विवेक चतुर्वेदी– कहते हैं कि सार्वजनिक मंच से सार्वभौम मानव धर्म का प्रतिपादन किया जाएगा। प्रसिद्ध दार्शनिक अग्रहार नागराज सह अस्तित्ववाद के साथ मध्यस्थ दर्शन को मूल रूप में सहेजे इस धर्म की व्याख्या कर चुके हैं। वे ही इसकी घोषणा भी करेंगे। वैसे पूर्व राष्ट्पति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, श्री रिंपोछे, जस्टिस वेंकट चलैया, ट्पिल आईटी हैदाराबाद के निदेशक डॉ राजीव सांगल और अनेक संत इस अनुसंधान की प्रमाणिकता पर सहमति जता चुके हैं।

आयोजन के सूत्रधार और कई वर्षों से इस बाबत शोध कर रहे एचबीटीआई कानपुर में शिक्षक रहे गणेश बागड़िया के मुताबिक सम्मेलन में वास्तविकता जैसी है, उसका वैसा ही स्वरूप सबके सामने प्रस्तुत किया जायेगा। इससे हर व्यक्ति

स्वयं भी धर्म की सही व्याख्या करने में सक्षम होगा। स्पष्ट किया जाएगा कि मानव के धर्म का मूल सुख है और कोई दुख की कल्पना भी नहीं करना चाहता। सम्मेलन का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति के सामने सुख का स्वरूप स्पष्ट हो ताकि वह खुद अपनी जिंदगी को संवार सके।

आयोजन के सक्रिय सहभागी आईआईटी कानपुर में पीएचडी कर रहे कुमार संभव बताते हैं कि वास्तविकता सबके लिए एक जैसी ही है। नहीं समझ में आती तो सब अपने–अपने तर्क गढ़ लेते हैं, जो वाद–विवाद का कारण बनते हैं। इस सम्मेलन के बाद निश्चित ही मानवजाति को एक दिशा मिलेगी।